संघ शताब्दी वर्ष : उज्जैन के पांच नगरों में राष्ट्र निर्माण पर मंथन

▶ समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता, अगले 15-20 वर्षों के लिए तय किए पांच लक्ष्य

उज्जैन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत रविवार को शहर के पांच प्रमुख नगरों में प्रमुखजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में संघ के पदाधिकारियों ने समाज जीवन से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार साझा करते हुए आगामी वर्षों के लिए निर्धारित पंच परिवर्तन पर विशेष जोर दिया और व्यापक जनजागरण का आव्हान किया।

इन पांच नगरों में हुए आयोजन: संवाद कार्यक्रम शहर के राजेंद्र नगर, माधव नगर, कालिदास नगर, मधुकर नगर और सुदर्शन नगर में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए गए। इन आयोजनों में व्यवसायी, उद्योगपति, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, प्रबुद्धजन, धार्मिक प्रतिनिधि और कला व खेल जगत से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित कर संवाद स्थापित किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया और स्थानीय स्तर पर समाज के प्रभावशाली लोगों से चर्चा कर समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने पर मंथन किया।

इन पांच विषयों पर केंद्रित रहेगा कार्य: संघ ने 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 से 20 वर्षों के लिए पांच प्रमुख विषयों पर व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया है। इनमें नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और स्व का बोध शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि इन आयामों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र को समृद्ध व वैभवशाली बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे, जिसके लिए समाज की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

व्यापक गृह संपर्क अभियान जारी

शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा देशभर में व्यापक गृह संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से करोड़ों परिवारों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायविदों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से भी निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है।

शहर कांग्रेस के नवनियुक्त महामंत्री संजय अरोरा का किया सम्मान



उज्जैन। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शहर जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार जारी है। इसी क्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महामंत्री संजय अरोरा का पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल चौहान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल चौहान, पूर्व पार्षद देवव्रत यादव, रवि चौहान, शराफत शेख, महेश पटेल, कमल चौधरी, निर्भय सिंह परमार, वीरेंद्र दरबार और मुकेश चित्तौड़ा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त महामंत्री को पुष्पमाला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। संचालन और जानकारी पूर्व जिला महामंत्री विक्की चौहान ने दी।

एक नजर में

पिस्टल शूटिंग कॉम्पिटिशन का शुभारंभ

इंदौर . चत्रभुज नरसी स्कूल ने 25 और 26 को पिस्टल शूटिंग कॉम्पिटिशन से अपनी स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट पिस्टल शूटिंग एकेडमी की शुरुआत की. इस कार्यक्रम का लक्ष्य ओलंपिक कोच और कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट रौनक पंडित की मेंटरशिप में इस डिसिप्लिन में जोश भरने वाले लोगों को एक साथ लाना था. अकादमी के मेंटर, ओलंपिक कोच और कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट रौनक पंडित ने कहा इस स्टेज पर युवा सीखने वालों को शूटिंग के खेल से इंट्रोड्यूस कराना सिर्फ़ कॉम्पिटिशन से कहीं ज़्यादा था- यह फोकस, सब्र और सेल्फ-बिलीफ बनाने के बारे में है. मुझे चत्रभुज नरसी स्कूल इंदौर में स्टूडेंट्स को गाइड करने और उन्हें उन वैल्यूस को खोजने में मदद करने में खुशी हो रही है जो शूटिंग उनकी ज़िंदगी में ला सकती है और उनसे बाहर भी ला सकती है. चत्रभुज नरसी स्कूल, मुंबई, पुणे और इंदौर के चेयरपर्सन, सुजय जयराज ने कहा चत्रभुज नरसी स्कूल में, हमारा मानना है कि शिक्षा को पढ़ाई से आगे बढ़कर डिसिप्लिन, कॉन्फिडेंस और कैरेक्टर को बढ़ावा देना चाहिए. शूटिंग अकादमी हमारे विज़न को दिखाती है कि हम एक्स-स्टूडेंट्स को न सिर्फ़ नॉलेज के ज़रिए बल्कि मज़बूती और स्किल के ज़रिए वर्ल्ड-क्लास मौके भी दें. चत्रभुज नरसी स्कूल इंदौर की प्रिंसिपल डॉ जेरिन जैकब ने कहा यह कॉम्पिटिशन हमारी नई शूटिंग एकेडमी के सेलिब्रेशन के अलावा हमारे स्टूडेंट्स के लिए एक ज़बरदस्त लर्निंग एक्सपीरियंस भी है.

शिविर में पहुंचे 500 से अधिक समाज बंधु

इंदौर . अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में शनिवार को मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर आयोजित सातवें स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर में पहले दिन 501 समाज बंधुओं ने अपनी सभी प्रकार की 32 जांचे कराई. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, गीता भवन अस्पताल प्रबंध समिति के सचिव दिनेश मित्तल, मंत्री रामविलास राठी एवं अजय मंगल ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया. शिविर में हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के 20 चिकित्सकों एवं उनके सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ ने समाजबंधुओं की सभी प्रकार की जांचे की. शिविर संयोजक किशोर गोयल, के के गोयल, दीप्ति अग्रवाल, पद्म जैन, सविता ठाकुर, पिंकी गुप्ता, सरिता सेंगर, सुरभि मालवीय, मदनलाल अग्रवाल, विकास जिंदल, नरेश चोटी, अमिता जोशी अग्रवाल, शरद कदम, आशा जैन सहित बड़ी संख्या में सहयोगी बंधुओं ने शिविर में आने वाले समाज बंधुओं का मार्गदर्शन किया और शिविर के आयोजन में सहयोग प्रदान किया. रविवार को सुबह 11 बजे इस अभियान का समापन होगा जिसमें बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल, केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के डॉ. अरुण अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के सभी प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी, केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे.

पक्षी मित्र अभियान के तहत 1100 सकोरों का वितरण

इंदौर . भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के लिए जल और दाना उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है. इसी उद्देश्य से सांसद सेवा संकल्प के अंतर्गत पक्षी मित्र अभियान में सांसद कार्यालय पर निशुल्क सकोरे वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कुल 1100 सकोरों का वितरण किया गया, ताकि शहर के अधिक से अधिक घरों, छतों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में हर नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास सकोरे रखकर नियमित रूप से पानी और दाना उपलब्ध कराएं, ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके. कार्यक्रम संयोजक कपिल जैन ने बताया कि पक्षी मित्र अभियान के तहत हर वर्ष महावीर जयंती के अवसर से करीब 5000 सकोरों का वितरण किया जाता है. इस पहल का उद्देश्य लोगों में पक्षियों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. इस अवसर पर रूपेंद्र जैन, कमल आहूजा, बंटी गोयल, विशाल गिडवानी, पुलकित चौहान, रवि चौधरी, संकल्प वर्मा, संध्या यादव, मुद्रा शास्त्री, कंचन गिडवानी, सीटू छाबड़ा, सोनू नारंग, नितेश जैन, संजय शर्मा, मोहन राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

विधुर नगर में एक हजार 182 किलोग्राम अवैध भांग बरामद

इंदौर . कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आज विधुर नगर क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान आरोपी संजय मिश्रा के निवास 102-बी, विधुर नगर पर दबिश दी गई. जहाँ से अवैध रूप से संग्रहीत भांग बुरादा बरामद किया गया. मौके से कुल एक हजार 182 किलोग्राम भांग बुरादा आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया,जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 36 हजार 400 रुपए है. उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है. यह कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी राघवेंद्र कुशवाह एवं कमलेश सोलंकी (उड़न दस्ता प्रभारी) के नेतृत्व में संपन्न हुई. कार्यवाही में आरक्षक मुकेश रावत एवं श्री अजय का विशेष योगदान रहा.

कलश यात्रा के साथ पंचकुंडीय यज्ञ और प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव आज से

घट्टिया। अति प्राचीन लवखेड़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 सियारामदास त्यागी के सानिध्य में पंचकुंडीय यज्ञ व श्री पशुपतिनाथ शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज सोमवार को कलश यात्रा के साथ होगा। आकर्षक झांकियों के साथ कलश यात्रा आज सोमवार सुबह 10 बजे लवखेड़ी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर पुन: मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। जहां पंचकुंडीय यज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू होगा। पूर्णाहुति व भंडारा 1 मई शुक्रवार को होगा।

जनभागीदारी से चेक डेम-सामुदायिक कूप का निर्माण

▶ जल संरक्षण एवं ग्रामीण समृद्धि की दिशा में सराहनीय पहल

खाचरौद। जनपद पंचायत खाचरौद के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के सफल क्रियान्वयन में दो महत्वपूर्ण जल संरक्षण कार्य जनभागीदारी से पूरे किए गए हैं। इन कार्यों से स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

ग्राम पंचायत डाबरी में गुलाबसिंह के खेत के पास चेक डेम निर्माण कार्य जनभागीदारी से संपन्न हुआ। चेक डेम के आस-पास 70 किसानों की भूमि है, जो पहले पथरीली एवं ऊंची-नीची होने के कारण फसल उत्पादन में बाधा उत्पन्न करती थी। चेक डेम की गाद निकासी एवं सफाई के बाद यह उर्वर मिट्टी (जिसमें जैविक तत्व एवं महीन कण प्रचुर मात्रा में हैं) किसानों के खेतों में डाली गई। इससे भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ी है, नमी संरक्षण में सुधार हुआ है तथा फसल लेने में आसानी हुई है। साथ ही चेक डेम की भंडारण क्षमता बढ़ने से आस-पास के सामुदायिक कूप एवं हैंडपंपों के जल स्तर में वृद्धि हुई है। गर्मियों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहेगी और आस-पास हरियाली बढ़ेगी। ग्राम पंचायत कंचनखेड़ी के शनिधाम परिसर में सामुदायिक कूप निर्माण कार्य भी जनभागीदारी से पूरा किया गया। गाद निकासी, गहरीकरण एवं सफाई के बाद यह कूप अब लगभग 1500 ग्रामीण परिवारों, किसानों को सिंचाई एवं घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएगा। व्यक्तिगत कूप की तुलना में यह अधिक किफायती तथा रख-रखाव में आसान है। ग्राम स्तर पर तय नियमों से पानी का समान वितरण सुनिश्चित होगा, विवाद कम होंगे तथा जल संकट के समय में भी ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इससे भूजल स्तर में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि तथा गांव में सामुदायिक सहयोग की भावना मजबूत हुई है।

पत्रकार मानसिंह राही स्मृति समारोह

▶ कासलीवाल का सम्मान, गुरु आस्था परिवार की आगामी रूपरेखा की प्रस्तुत

▶ राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता मनोनीत होने पर हुआ सम्मान, कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार रहे उपस्थित

उज्जैन। प्रखर पत्रकार, जनकवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानसिंह राही की स्मृति में आयोजित 42वें काव्यार्चन, व्याख्यान एवं सम्मान समारोह में सचिन कासलीवाल का सम्मान किया गया। उन्हें राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार में राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब उज्जैन के अध्यक्ष नंदलाल यादव, सुनील जैन और जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नरेंद्र सिंह अकेला ने किया।

धर्म-संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए संचालित होंगी गतिविधियां

इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता सचिन कासलीवाल ने संस्था की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार से देशभर में लाखों लोग जुड़े हैं और निरंतर सदस्यता अभियान जारी है। तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की दीक्षा जयंती पर जयपुर में इस संबंध में घोषणा की गई थी। आने वाले समय में मध्य प्रदेश सहित देशभर के पत्रकारों को इस परिवार में सम्मिलित किया जाएगा। देव, शास्त्र और गुरु यानी धर्म व संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा अनेक कार्यक्रम और गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में विशेष रूप से सुगनचंद जैन, अनिल पांचाल, प्रो. अप्रतुल शुक्ल, अशोक भाटी, विक्रम विवेक, राहुल शर्मा, दिनेश अनल, नंदकिशोर पांचाल, संगीता तल्लेरा, डॉ. सीमा देवेंद्र जोशी और अमित जैन शामिल हुए। साथ ही मां शिप्रा तैराक दल के संतोष सोलंकी, सपना माली, खुशी जायसवाल, वैष्णवी बारोड़, वेदास कोठार, अर्जुन सिंह राही, कमल सिंह राही, भीम सिंह राही, कृष्णा राही, गोविंद सिंह राही, मनोज त्रिवेदी, विकास गुप्ता, डॉ. महेंद्र राय, दीपक शर्मा और दीपेश वाधवानी सहित शहर के कई वरिष्ठ समाजसेवी, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

समाज को संगठित करने के लिए हुई संघ की स्थापना : सोनी

इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित हो रही प्रमुख जन गोष्ठियों की श्रृंखला में आज अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने चोईथराम स्कूल के सभागार में सेवानिवृत्त न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारीयों एवं अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए संघ की शताब्दी यात्रा का रोचक वर्णन किया.

श्री सोनी ने कहा कि अनेक सभ्यताएं अपने चरमोत्कर्ष पर जाकर भी समाप्त हो गयीं. परंतु भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता कालजयी रही है. स्वाधीनता आंदोलन के समय भी डॉक्टर हेडगेवार के मन में यह प्रश्न बार-बार उठता था कि इतनी समृद्ध संस्कृति जिसके पास सब कुछ है वह बार बार परतंत्र क्यों हुई? इस समस्या के पीछे निहित कारणों पर उन्होंने व्यापक सामाजिक अध्ययन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संगठित जीवन का भाव हमारा समाज भूल गया था. अत: इसका निवारण आवश्यक है. इसके समाधान स्वरूप उन्होंनेसमाज के अंदर लोगों को संगठित करने हेतु व्यवस्था निर्मिति पर विचार किया. इन्हीं उद्देश्य को लेकर संघ की स्थापना हुई. संघ की इन सौ वर्षों की क्रमिक विकास यात्रा में समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हेतु अनेक प्रकल्प भारतीय अधिष्ठान के अनुसार आरंभ हुए. संघ की शताब्दी यात्रा का क्रमिक विकास भारत के हिन्दू जीवन उद्देश्य की प्राप्ति ही रहा है. एमजीएम मेडिकल कालेज के सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित महानगर के प्रमुख उद्योगपतियों के समक्ष अपने उद्बोधन में सुरेश सोनी ने कहा कि समाज की समस्या समाज को ही हल करना है. संपूर्ण समाज भारत हित व विश्व कल्याण के भाव को लेकर आगे बढे इस हेतु शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की योजना बनी.

एक नजर ▶ सावन में कांवड़ियों को मिलेगा नि : शुल्क भोजन

शिप्रा में अवैध उत्खनन और महाकाल क्षेत्र में मांस बिक्री का होगा विरोध

▶ युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास की बैठक में जनहित के कई प्रस्ताव पारित

उज्जैन। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जयसिंहपुरा स्थित केंद्रीय मुख्यालय अखंड महाकाल कॉलोनी में संपन्न हुई। संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनहित, धर्म और संगठन विस्तार से जुड़े कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। सावन माह में कांवड़ यात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन व्यवस्था करने का प्रमुख निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से राजकुमार झांझोट को नि:शुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय महामंत्री राहुल मोणावत, आजीवन सदस्य भैरुलाल मालवीय, अशोक रैकवार, संजय परमार, विश्वास सिंह चौहान और खुशहाल सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सावन के पहले दिन से शुरू होगी भोजन सेवा: बैठक में तय किया गया कि 31 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के पहले दिन से ही उज्जैन आने वाले कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन प्रसादी का वितरण शुरू किया जाएगा। वहीं, महिला थाना प्रभारी रानी बेग की कार्यप्रणाली के विरोध में जन-जागरूकता अभियान चलाने और राष्टपति सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर व्यापक आंदोलन छेड़ने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

नर सेवा ही नारायण सेवा का दिया संदेश: बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उज्जैन आस्था और सनातन परंपराओं का केंद्र है। यहां श्रद्धालुओं की सेवा करना नर सेवा ही नारायण सेवा है। शिप्रा और गंभीर का संरक्षण प्रशासन के साथ-साथ हर नागरिक की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने सभी पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वे समाज और धर्महित के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटकर उज्जैन को एक आदर्श नगर बनाने में योगदान दें। अंत में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और भोजन समिति अध्यक्ष राजकुमार झांझोट ने आभार माना।

अवैध उत्खनन, ट्रैफिक और भ्रष्टाचार पर भी बनी रणनीति

बैठक में नदियों के संरक्षण पर चिंता जताते हुए शिप्रा और गंभीर नदी में हो रहे अवैध उत्खनन तथा जल-चोरी के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। महाकाल मंदिर के आसपास मांस विक्रय पर सख्ती से रोक लगाने और क्षेत्र की व्यवस्थाओं में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग प्रमुखता से उठी। इसके अलावा शहर के सभी होटल-लॉज में सुरक्षा नियम व पहचान पत्र अनिवार्य करने, ई-रिक्शा व ऑटो के मनमाने किराए पर अंकुश लगाने तथा ट्रैफिक जाम से निजात के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग रखी गई। संगठन ने अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करने, देवी-देवताओं के चित्रों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर वृहद सदस्यता अभियान शुरू करने का भी निर्णय लिया।